NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/79/21 Date : 23.2.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– गाड़ी संख्या 01841/01842 (गीता जयन्ती एक्सप्रेस) में कार्य कर रहे टिकट चेकिग स्टाफ के सम्बन्ध में।

महोदय,

NCRES के संज्ञान में लाया गया है कि गाड़ी संख्या 01841/01842 (गीता जयन्ती एक्सप्रेस) पूर्व में मथुरा–कुरूक्षेत्र के मध्य चल रही थी जिसमें आगरा मण्डल के मथुरा हेडक्वाटर का चेकिग स्टाफ कार्य कर रहा था, लेकिन जब इस ट्रेन का संचालन खजुराहो से कुरूक्षेत्र के बीच होने लगा तो इसमें नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के आगरा व झांसी मण्डल का चेकिंग स्टाफ कार्य करने लगा।

अवगत कराना है कि उपरोक्त गाड़ी सं0 01841/01842 में झांसी मण्डल के ग्वालियर हेडक्वाटर का चेकिग स्टाफ खजुराहो से ग्वालियर तथा ग्वालियर से मथुरा तक दो बीट में व मथुरा से कुरूक्षेत्र के बीच आगरा मण्डल के मथुरा हेडक्वाटर का स्टाफ कार्य कर रहा है। इस प्रकार खजुराहो से कुरूक्षेत्र के बीच कुल मिलाकर 3 बीट में कार्य हो रहा है और झांसी मण्डल के ग्वालियर के चेकिंग स्टाफ को 19 घंटे मथुरा के रेस्ट रूम में रूकना भी पड़ रहा है। परिणामस्वरूप जहाँ दो बीट में कार्य हो सकता था वहाँ तीन बीट में कार्य कराया जा रहा जिससे अतिरिक्त चेकिग स्टाफ लगाना पड़ रहा है और अतिरिक्त टी.ए. का भुगतान भी करना पड़ रहा है।

NCRES का मानना है कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे में चलने वाली या गुजरने वाली नई गाड़ियों में टिकट चेकिंग स्टाफ के Deployment के सम्बन्ध में यूनियन से वार्ता करने के बाद निर्णय लिया जाना चाहिये लेकिन ऐसा नही किया गया।

NCRES का अनुरोध है कि यदि आगरा मण्डल के मथुरा हेडक्वाटर के चेकिग स्टाफ से मथुरा से कुरूक्षेत्र व कुरूक्षेत्र से मथुरा तथा मथुरा से खजुराहो व खजुराहो से मथुरा के बीच कार्य कराया जाय तो TA का भुगतान कम करना पड़ेगा तथा मैन पावर के साथ–साथ राजस्व की भी बचत होगी और ग्वालियर के चेकिंग स्टाफ को मथुरा के रेस्ट रूम में 19 घन्टे रूकने से छुटकारा मिल जायेगा।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री